हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

12 विद्यार्थियों के ड्रेस कोड पर हिंदूवादी संगठनों ...

12 6 गांव में रासेयो स्वयंसेवक करेंगे ...




## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

## छापा : पंचमी तिथि पर रहा संशय, दो दिन हुआ विशेष श्रृंगार

# पंचमी में माता का हुआ श्रृंगार, देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

क्वांर नवरात्रि पर्व पर श्रद्धाभक्ति

- मंदिरों सहित देवी पंडालों में पूरे विधि विधान से की जा रही माता की सेवा





उपासना का पर्व क्वांर नवरात्रि पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। इस अवसर पर देवी मंदिरों में आस्था के जोत कलश प्रज्वलित किए गए हैं। वहीं कुछ पूजा पंडालों में भी जोत जंवारा स्थापित की गई है, जहां विधि-विधान से भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना की जा रही है। धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला बनी हुई है। 3 अक्टूबर से नवरात्रि का पर्व शुरू हो जाने के साथ ही देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लग रहा है। 3 अक्टूबर को मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना के साथ नवरात्रि पर्व की शुरूआत हुई थी।

पंचमी तिथि होने के चलते मां का विशेष श्रृंगार भी किया गया, इस दौरान कुछ समय के लिए पट भी बंद रहे। सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

विशेष रूप से जिले के बिरकोनी चंडी मंदिर, खल्लारी मंदिर भीमखोज, चंडी मंदिर घुंचापाली, महामाया मंदिर महासमुंद, मां शीतला मंदिर , मां दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक, मां शारदा मंदिर तुमगांव रोड, मां रामेश्वरी मंदिर स्टेशन रोड सहित जिले के अन्य शक्तिपीठों पर पुजारियों द्वारा विधि-विधान के साथ मां की पूजा अर्चना की गई। विशेष आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

की बयार है। देवी मंदिर सहित पूजा पंडालों में देवी मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही जस गीतों से माता की सेवा की जा रही है।

धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक आयोजनों की भी धूम है। पंचमी भी दो दिन पड़ रहा है। जिसके चलते सोमवार एवं मंगलवार को पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया एवं विधि-विधान से पूजा- अर्चना की गई। पंचमी के कारण मंदिर सहित पूजा पंडालों में सुबह से देर शाम तक भक्तों का मंदिरों एवं पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में उपस्थिति बन रही है।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की

### पंचमी को मां कात्यायनी की हुई आराधना

नवरात्रि पर्व के चलते इन दिनों देवी मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ रही है। नौ दिनों से देवी मंदिरों में मां के विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना की जा रही है। मंगलवार को मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। 9 अक्टूबर को मां कालरात्रि की पूजा होगी। 10 अक्टूबर को अष्टमी तिथि पड़ रही है। इस दिन विशेष रूप से माता महागौरी की पूजा-अर्चना करने के बाद हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। 11 अक्टूबर को नवमीं तिथि के दिन ज्योति कलश का विर्सजन किया जाएगा।

### रात को रास गरबा की धूम

इन दिनों शक्तिपीठों सहित सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में हर शाम से ही मृदंग के थापों के साथ माता सेवा (जसगीत) के गायन से शहर सहित अंचल मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। वहीं, जिला मुख्यालय सहित अन्य शहरों में इन दिनों रास गरबा की धूम मची हुई है। शहरों में रास गरबा का देर रात तक आयोजन हो रहा। जहां पर डीजे की धुन पर भक्ति में सरोबार युवाओं के कदम ताल पर थिरक रहें, जिसे देखने लोग ग्रामीण इलाकों से भी पहुंच रहें।

## बार-बार आवेदन देने के बावजूद अब तक उज्ज्वला योजना के लाभ से वंचित




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के ग्रामीण महिलाओं को अभी भी चूल्हा के धुंए से मुक्ति मिल नहीं पाई है। गैस सिलेंडर के लिए कई बार आवेदन जमा करने के बावजूद उनके परिवार को अब तक उज्ज्वला गैस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, जिसके कारण भोजन तैयार करने के लिए लकड़ी लाने महिलाओं को जंगल जाना पड़ रहा, जहां पर जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। उज्ज्वला योजना से वंचित ग्राम तुसदा की ऐसी महिलाएं कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देने पहुंची। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत तुसदा की करीब 12 महिलाएं उज्ज्वला गैस योजना के तहत गैस सिलेंडर की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट आई।

महिलाएं नाचन बाई, दुखनी बाई, अमरिका बाई, सुखबती कमार, फुलेश्वरी बाई आदि ने बताया कि वे सभी गरीब परिवार से हैं और उनका गरीबी रेखा का राशन कार्ड भी है। उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर के लिए उन्होंने महासमुंद गैस एजेंसी में कई बार आवेदन दे चुकी है। लेकिन, इतने सालों के बाद भी उन्हें अब तक गैस सिलेंडर नहीं मिल पाया है। बार-बार आवेदन देकर वे अब थक चुकी हैं। इसलिए, कलेक्टर के पास गुहार लगाने पहुंची हैं।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में एक की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जंघोरा के पास फल खरीदकर घर लौट रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। ग्राम ठाकुरदियाखुर्द निवासी बलराम जोशी ने पुलिस को बताया कि 7 अक्टूबर को उसका बड़ा भाई भोलाराम जोशी किसी का मोटर सायकल लेकर ग्राम जंघोरा फल खरीदने गया था। ग्राम जंघोरा से फल खरीदकर वापस घर आ रहा था तभी सुबह करीब 8:50 बजे खुटेरी मार्ग मोड के पास ग्राम जंघोरा के पास कोई अज्ञात वाहन का चालक ने अपनी वाहन को तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया, जिससे भोलाराम के सिर में चोटें आई, और उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ 106(1) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी श्याम कुमार चौहान पिता दयाराम चौहान (48 साल) बूटीपाली चौकी भंवरपुर को ग्राम सलखंड के पास से कुरमाडीह जाने वाली जंगल रास्ते में 3 लीटर अवैध देशी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई किया है।

## रेत का अवैध परिवहन करते 05 ट्रैक्टर वाहन जब्त




**महासमुंद।** खनिज विभाग द्वारा रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर की जा रही कार्रवाई में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम कनेकेरा भलेसर में रेत के अवैध परिवहन की शिकायत पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए 05 ट्रैक्टर वाहन को जप्त कर थाना सिटी कोतवाली की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। विभाग द्वारा रेत भंडारण में छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन एवं भंडारण) नियम 2009 के उल्लंघन पर स्वीकृत 03 भंडारण अनुज्ञप्ति को निरस्त करते हुए उक्त तीनों अनुज्ञप्ति की प्रतिभूति राशि 50000 कुल 150000 को राजसात किया गया। इसके अतिरिक्त खनिज विभाग द्वारा स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्ति भंडार नियमों के उल्लंघन पर 6 अनुज्ञप्तिधारियों को क्रमशः 99500 रुपए, 95000 रुपए, 59500 रुपए, 49000 रुपए, 59500 रुपए एवं 50500 रुपए की शास्ति आरोपित करते हुए कुल 413000 रुपए की राशि जमा कराई गई है।

श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

जन्म 17.12.1942



निर्वाण 30.09.2024

स्व. श्री अजय सिंह परिहार

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी
स्व. श्री अजय सिंह परिहार
अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर
दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

कार्यक्रम
दशगात्र : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में)
तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज : 13 अक्टूबर 2024, रविवार
स्थान : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर
समय : दोपहर 1 से 5 बजे तक

शोकाकुल
श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)
प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)
ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)
प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई),
सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार
नोटः जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।



## खबर संक्षेप



### बालिकाओं के लिए शिक्षा बहुत अनिवार्यः रेखा

**सरायपाली**। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 2 से 11 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम बनीगिरोला में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर रेखा खमारी उपस्थित थी। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मूल उद्देस लैंगिक भेदभाव महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देना बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व स्त्रियों का परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण महत्त्वपूर्ण योगदान है। बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकना क्योंकि बालिकाएं आगे चलकर मां बनती है और मां किसी भी परिवार का केंद्र बिंदु ईकाई होती है। यदि मां को शिक्षा प्राप्त नहीं है तो बचपन से ही कुपोषण है तो वह एक स्वस्थ शिक्षित परिवार व उन्नत समाज को जन्म देने में विफल रहेगी। अतः बालिका के लिए शिक्षा बहुत अनिवार्य है। कार्यक्रम में गांव के सरपंच लक्ष्मीप्रसाद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुभासिनी पटेल, कोशलिया, शांतिबाई, सावित्री, मांगमोती, सरिता, सुभाषिनी बिसरा, कमलिनी सहित ग्रामीण किशोरी बालिकाएं उपस्थित थी।

### वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भूगोल परिषद का गठन




**सरायपाली**। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भूगोल विभाग के बेहतर संचालन, विकास एवं छात्र-छात्राओं में अकादमिक कौशल तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने व विभागीय कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित कर जागरूकता लाने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष एमएन सिदार सहायक प्राध्यापक भूगोल के निर्देशन में भूगोल परिषद का गठन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर एवं राज्य गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। भूगोल परिषद में अध्यक्ष कल्याणी शर्मा (एम ए तृतीय सेमेस्टर), उपाध्यक्ष मनीषा स्वाई (एम ए प्रथम सेमेस्टर), सचिव गिरिलाल सागर (एम ए तृतीय सेमेस्टर), सह सचिव नेहा भोई (एम ए प्रथम सेमेस्टर) । इस अवसर पर सत्य प्रकाश खड़बंधे परिषद प्रभारी (अतिथि व्याख्याता- भूगोल), देवेश राणा (सहायक प्राध्यापक- भूगोल, जनभागीदारी) एवं महाविद्यालय के अधिकारी- कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### दिन नहीं गिनेगा बोर्ड, बदली जुर्माने की शर्त, प्रति छात्र होगी वसूली,

**रायपुर**। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा स्कूलों से ली जाने वाली जुर्माने की राशि को कम कर दिया गया है। यह जुर्माना स्कूलों से छात्रों के नाम तय समय-सीमा में नहीं भेजे जाने के कारण लिया जा रहा था। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं की तैयारी सत्र की शुरुआत से ही प्रारंभ कर दी जाती है। मार्च में होने वाली परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के नाम और उनसे संबंधित जानकारी स्कूलों से अगस्त अंत तक मांगी गई थी। तय वक्त तक जानकारी नहीं देने पर माशिम ने प्रतिदिन एक हजार की दर से जुर्माना निर्धारित किया था। जुर्माने के साथ छात्रों की एंट्री के लिए 3 अक्टूबर से दोबारा पोर्टल खोले जाने का निर्णय लिया गया। प्रतिदिन एक हजार जुर्माने की दर से स्कूलों को 25 से 30 हजार तक भरने पड़ते। प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या 1247 है, जो वर्तमान सत्र में तय समय-सीमा में छात्रों की जानकारी नहीं दे सके हैं।

## आयोजन : कसेकेरा में राज्यस्तरीय विज्ञान कार्यकर्ताओं का सम्मेलन

# विज्ञान कार्यकर्ताओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर हुआ विचार मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोइरगांव (कोमाखान)




विज्ञान आश्रम कसेकेरा में राज्यस्तरीय विज्ञान कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय सम्मेलन का प्रारंभ रेरा सदस्य और पूर्व सचिव छत्तीसगढ़ शासन धनंजय देवांगन और रायपुर तथा बिलासपुर संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे, पूर्व सीसीएफ डा. बीपी नोनहारे, कॉम्प्ट्रोलर फाइनेंस पीडब्ल्यूडी बीके लाल, प्रसिद्ध अनेस्थिया विशेषज्ञ डा केके सहारे, एडिशनल सीएमओ सीएसईबी डा केबी बंसोड़े, शिशुरोग विषेशज्ञ डा स्नेहलता हुमने, प्रो दिनेश कुमार, प्रो एचएन टंडन, प्रो निधि सिंह, प्रो खुशबू कश्यप और विज्ञान आश्रम के संचालक विश्वास मेश्राम द्वारा भारत के संविधान की हीरक जयंती वर्ष में संविधान निर्माता बाबासाहब अम्बेडकर को पुष्प अर्पित कर और संविधान प्रस्तावना के सामूहिक पठन के साथ किया गया।

विज्ञान आश्रम के संचालक पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने स्वागत उद्बोधन में आश्रम की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की योजनाओं का रेखा चित्र खींचा। कमिश्नर रायपुर और बिलासपुर संभाग एमडी कावरे द्वारा विज्ञान सभा द्वारा निरंतर किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शासन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का उल्लेख किया और लोगों को मैदानी स्तर पर जागरूक करने तकनीक के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने विज्ञान आश्रम और शासकीय मिडिल स्कूल द्वारा जलवायु परिवर्तन के लिए कसेकेरा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे जन अभियान बनाने की प्रेरणा दी। रेरा सदस्य और पूर्व सचिव धनंजय देवांगन ने ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह विदेशी लोगों ने भारत पर अपने उन्नत विज्ञान और टेक्नालॉजी के बदौलत राज किया। आज भी बहुत कम आबादी ने ज्ञान के भंडार पर कब्जा जमा रखा है।

इसके दुष्परिणाम सामने आ रहे है। विज्ञान को लोगों तक पहुंचने के लिए समुदाय को सजग करने कसेकेरा के डा विजय शर्मा की तरह जमीन पर उतरना पड़ेगा। उन्होंने डायरिया का उदाहरण देते हुए बताया कि सैकड़ों लोग जानकारी के अभाव में कैसे मारे जाते रहे हैं। जबकि, उसकी दवा एक चम्मच शक्कर, एक गिलास पानी और चुटकी भर नमक है जो सब जगह उपलब्ध है। ज्ञान विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने विज्ञान आश्रम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा मंदिर मस्जिद तो जगह जगह बन जाते है, विज्ञान आश्रम नहीं बन पाते। उन्होंने याद दिलाया कि हमें जगह जगह इसी तरह जनता के बीच विज्ञान संचार के लिए विज्ञान केंद्र बनाने के संकल्प लेने होंगे। वित्त विशेषज्ञ बीके लाल द्वारा कसेकेरा पहाड़ी पर हरियाली लाने और तापमान कम करने के प्रयास का उल्लेख करते हुए इसके डाकुमेंटेसन करने व वृहद स्तर पर कार्य योजना बनाने का प्रस्ताव रखा। पूर्व सीसीएफ डा बीपी नोनहारे ने जैव विविधता के प्रकृति पर विस्तार से ज्ञानवर्धक जानकारी दी और मनुष्यों तथा वन्य प्राणियों के बीच टकराव के कारणों के बारे में बताते हुए इसे रोकने के पहलुओं की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा केके सहारे ने कैंसर की सामान्य जानकारी विषय पर व्याख्यान दिया। वनस्पति वैज्ञानिक प्रो खुशबू कश्यप ने अपने पाताल कोट की खोज यात्रा में वहां के भौगोलिक, प्राकृतिक व जैव विविधता भरे अपने रोमांचक अनुभवों को साझा किया और औषधीय पौधों की खोज परख जानकारी दी। शासकीय मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक डा विजय शर्मा द्वारा कसेकेरा विज्ञान आश्रम की भूमिका रखते हुए यहां हुए विभिन्न कार्यक्रमों बडिंग ग्राफ्टिंग प्रशिक्षण, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए मार्गदर्शन, प्रकृति विज्ञान और समाज के अंतर संबंधों पर बातचीत, अंध विश्वासों के निर्मूलन के प्रयासों आदि की जानकारी दी और जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि को कम करने कसेकेरा पहाड़ी पर हरियाली लाने चरण बद्ध कार्यक्रम के बारे में बताया और इसके कारण आए समुदाय एवं बच्चों के व्यवहार परिवर्तन कार्यों का उल्लेख किया। विज्ञान सभा के राज्य सचिव डा वाय के सोना ने जैव पादप अनुकूलन में कटहल, सेव एवं अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन पर शोध परख जानकारी देते हुए कार्यक्रम में पधारे वैज्ञानिकों एवं सभी विज्ञान कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस राज्य स्तरीय आयोजन में विज्ञान आश्रम के कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त सुखरीडबरी के खेमचंद चक्रधारी, चकचकी के थियेंद्रप्रताप सिंह, कसेकेरा के देवलाल सहिस, जितेंद्र यादव और डमरू चक्रधारी, बागबाहरा के कृषि विशेषज्ञ आर के आर्या और शिक्षाविद बंजारे गुरुजी, दरबेकेरा के राधेश्याम सोरी आदि ने सक्रिय सहयोग दिया। विज्ञान कार्यकर्ताओं के इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में रायपुर, दुर्ग, धमतरी, कोरबा, पिथौरा, बसना, आरंग, बागबाहरा, कोमाखान आदि स्थानों से 40 से अधिक वैज्ञानिकों ने भागीदारी की।

# जनदर्शन में संवेदनशीलतापूर्वक सुनी आम जनों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल मं, जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। जनदर्शन में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 54 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा।

जन चौपाल में पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसदा के मनोरंजन बारिक ने मोटराइज्ड ट्रायसिकल के लिए आवेदन दिया था। जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा जन चौपाल में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दिव्यांग मनोरंजन बारिक को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की चाबी सौंपी। इसी तरह ग्राम भलेसर के किशुन सिन्हा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि भुगतान न होने के संबंध में आवेदन सौंपा। कलेक्टर ने कृषि विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम झालखम्हरिया की प्रेमा ध्रुव ने राशन कार्ड बनवाने, ग्राम लोहारडीह के जगतराम ने सीमांकन कार्य के लिए, सरायपाली की प्रीति नायक ने पेंशन प्रकरण के संबंध में, बसना पलसापाली के साहेब राम ने अतिक्रमण हटाने एवं बागबाहरा खल्लारी की विश्वासा बरिहा ने महतारी जतन योजना की राशि दिलाने के लिए आवेदन सौंपा। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाइन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम महासमुंद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मुझे चढ़ गया भगवा रंग में हुआ गरबा

## ईडब्लूएस गणेशोत्सव समिति द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना के साथ हाउसिंग बोर्ड मचेवा ईडब्लूएस गणेशोत्सव समिति द्वारा पंचमीं के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रंग बिरंगे परिधान में बच्चों से लेकर महिलाएं ओर युवा थिरकते नजर आए। रात्रि साढ़े सात से 10 बजे तक कॉलोनीवासियों द्वारा गरबा किया जा रहा है। जिसमें समस्त कॉलोनिवासियों में गरबा के लिए काफी उत्साह देखा जा रहा है। सोमवार रात गरबा गीतों के साथ-साथ छत्तीसगढ़िया सुआ और मुझे चढ़ गया भगवा रंग में भी कॉलोनीवासियों ने जमकर गरबा किया।

# जिले के असाक्षरों के लिए संचालित उल्लास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2030 तक सभी युवा, प्रौढ, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केंद्र प्रवर्तित योजना है सभी के लिए शिक्षा के लिए प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान कराकर मार्च 2025 मूल्यांकन में शामिल कराएं। इसके लिए बिंदुवार गतिविधियों में समीक्षा करते हुए पूर्ण साक्षर ग्राम, ग्राम पंचायत, संकुल, विकासखंड के लिए सत्यापन समिति गठित करने निर्देश दिए गए। सर्वे अनुसार प्राप्त असाक्षरों में 861 असाक्षर और 48 स्वयंसेवी शिक्षक का उल्लास मोबाइल एप में एंट्री शेष है। जिसे संबंधितों को शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिया गया। महासमुंद जिला के महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा विकासखंड में कमार जाति के शिक्षार्थियों के उल्लास साक्षरता केंद्र संचालन के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को जिम्मेदारी दी गई। उक्त अवसर पर रवि साहू अपर कलेक्टर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला महासमुंद, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला, एम आर सावंत जिला शिक्षा अधिकारी, शिल्पा साय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, रेखराज शर्मा जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, कमल नारायण चंद्राकर डीएमसी समग्र शिक्षा सहित जिले के समस्त विभाग के विभाग प्रमुख एवं विकासखंड में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड परियोजना अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक, समस्त नोडल अधिकारी उल्लास कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

# नांदगांव में सोनई रूपई जस झांकी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्र पंचमी के अवसर पर नांदगांव में जय मां खल्लारी समिति एवं गुड़ी चौक दुर्गा समिति द्वारा आयोजित दुर्गोत्सव में मां सोनई-रूपई जस झांकी बाल समिति कौंदकेरा द्वारा मां पार्वती और शिव विवाह, महिसासुर वध जस झांकी की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने झांकी का आनंद उठाया।

# विभिन्न वार्डों के दुर्गा पंडालों में महाआरती में शामिल हुए निखिलकांत

**महासमुंद**। नगर में मां शक्ति की आराधना का महापर्व नवरात्र की धूम मची हुई है। प्रत्येक वार्डों में जगह जगह माता की प्रतिमाएं विराजित कर माता की उपासना की जा रही है। इसी कड़ी में नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू पंचमी के अवसर पर महाआरती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने माता जगदंबे से सम्पूर्ण नगर वासियों की खुशहाली व कल्याण के लिए माता से आशीर्वाद मांगा। साहू ने सुभाषनगर वार्ड 23, 24, 25 के दुर्गा पंडालों में आयोजन समिति के सदस्यों तथा मोहल्लेवासियों से भेंट कर पंडालों में पूजा व्यवस्था की जानकारी ली तथा आवश्यकता पड़ने पर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने पंडालों में आकर्षक सजावट व भव्यता की प्रशंसा करते हुए कहा कि नवरात्र पूजा हमारी प्राचीन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा व माता के प्रति अपनी अपार श्रद्धा प्रकट करने का एक प्रमुख पर्व है। पहले के अपेक्षा लोग अपनी संस्कृति व धर्म को लेकर जागरूक हुए हैं। वार्डवासियों की उत्साह व पर्व को लेकर जो खुशी दिख रही है वह सराहनीय है। इस अवसर पर पंडालों में चमन जगत, पवन साहू,मनोज पटेल, अमन टांडी, जुगराज महानंद, तिलक सिन्हा, उदय जगत, पुनीत सिन्हा, रोहित, घनश्याम, सोनू आदि उपस्थित रहे।



### समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक, संजय यादव, ऋषभ जैन ने कलेक्टर विनय लंगेह को एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि पूरे जिले में चाहे शहर हो या गांव रोड की हालत खराब हो गई है। बरसात में पानी भरा जा रहा है। बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं इन्हें जल्द से जल्द मरम्मत कराया जाए। आम आदमी पार्टी ने एक सोशल मीडिया के माध्यम से लगभग 4000 लोगों को जोड़ा है। अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है और उसमें लोगों की शिकायत मंगाई जा रही है तो सबसे ज्यादा शिकायत अभी रोड की आई है और भी कई तरह की शिकायत आई है, जिसे जल्द ही एक ड्रॉप बनाकर उस विभाग को सौंपा जाएगा। समस्या का निवारण नहीं होने पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आम आदमी पार्टी लोगों तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचकर उनकी शिकायत इस तरह का प्रयोग किया है। इसमें प्रतिदिन लगभग पूरे जिले से सात आठ शिकायत आ रही है। एक सबसे बड़ी और शिकायत है, इसमें पानी टंकी बनकर तैयार हो गया लाखों की लागत से। लेकिन, घरों में अभी तक पानी नहीं पहुंचा है, उसका भी जल्द से ब्यौरा तैयार कर कहां-कहां टंकी बनी है और कहां-कहां इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है, उसका ड्रॉप बनाया जा रहा है।



# भक्तों को मोक्ष, शक्ति, समृद्धि और खजाने से पुरस्कृत करती हैं:तुषार

**महासमुंद**। मां भगवती के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता का आशीर्वाद लेने ग्राम बिरकोनी, बड़गांव, परसवानी, खट्टीडीह, मुस्की, गोपालपुर, कांपा, बेलटुकरी में पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्र वासियों के सुख-सौभाग्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार तारकासुर नाम का एक राक्षस था, जिसकी मृत्यु केवल शिव पुत्र से ही संभव थी। तब मां पार्वती ने अपने पुत्र भगवान स्कंद (कार्तिकेय का दूसरा नाम) को युद्ध के लिए प्रशिक्षित करने के लिए स्कंद माता का रूप लिया। वह भक्तों को मोक्ष, शक्ति, समृद्धि और खजाने से पुरस्कृत करती हैं । वह अनपढ़ व्यक्ति को भी ज्ञान का सागर प्रदान कर सकती हैं, यदि वह उनकी पूजा करता है। सूर्य के समान तेज वाली स्कंदमाता अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### वायुसेना दिवस पर दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** फारेस्ट ग्राऊड में भारतीय वायुसेना दिवस पर अग्निवीर प्रशिक्षण के बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें शहीद स्मारक खरोरा के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, नेवी सैनिक, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, पूर्व सैनिक केएल सोनी, कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि भारतीय वायुसेना दिवस भारत देश के एक महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन भारतीय वायुसेना पर केवल हमें हवाई हमलों से होने वाले खतरों से बचाने की रक्षा रखते है और समय पर वायुसेना दिवस के जवानों ने लोगों का किसी भी तरह के नुकसान से बचाते में उनकी मदद करते हैं।

### कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के सतबहिनिया माता मंदिर परिसर में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले जोत कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद धर्मेंद्र यादव, पार्षदगण गजेंद्र साहू, गौतम सिन्हा आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी संघ के संगठन सचिव बने जायसवाल

**महासमुंद।** विप्र वाटिका



बलौदाबाजार में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा संगठन सचिव का चुनाव हुआ। इसमें ओपी जायसवाल व्यायाम शिक्षक ने अपने प्रतिद्वंदी सक्ती जिला के हरी राम पटेल को कांटे के मुकाबले में तीन मतों से पराजित किया। ओपी जायसवाल को 36 और हरिराम पटेल को 33 मत मिले। निर्वाचन अधिकारी डीके चौबे राजनांदगांव और सहायक निर्वाचन अधिकारी केपी कश्यप सीपत ने शांतिपूर्वक मतदान कराया। ओपी जायसवाल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में व्यायाम शिक्षक के पद में कार्यरत हैं।

### मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाई



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के साहित्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियां पर प्रहार करने वाले आधुनिक और हिंदी के पितामह उपन्यास सम्राट एवं कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, भारती चंद्राकर, जया चंद्राकर, विमला चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश महान उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि को याद करते हैं।

**विरोध : जिला अधिकारी के नाम कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन**

# विद्यार्थियों के ड्रेस कोड पर हिंदूवादी संगठनों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

मिशन स्कूल कुटेला के विद्यार्थियों के ड्रेस कोड में लगें ईसाई धर्म के प्रतीक चिन्ह पर शिक्षा विभाग से बजरंग दल एवं हिंदू संगठनों ने की शिकायत दर्ज कराई है। विगतः कुछ महीनों पहले मिशन स्कूल कुटेला विद्यार्थियों के लिए बुधवार व शनिवार के दिनों में अलग ड्रेस कोड अनिवार्य किया है।

ड्रेस कोड पर लगे मोनो पर ईसाई धर्म के प्रतीक बाइबिल व क्रास चिन्ह पर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। बजरंग दल एवं हिंदू संगठनों ने शिक्षा विभाग, अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी राजस्व एवं थाना प्रभारी के समक्ष दंडात्मक कार्रवाई के लिए अपना लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। बजरंग दल जिला गौ रक्षा प्रमुख मयंक पाणीग्राही ने बताया कि मिशन स्कूल कुटेला में 90 प्रतिशत हिंदू विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, इस तरह विद्यार्थियों के ऊपर जबरन हिंदू विरोधी गतिविधियों का नियम लागू कर हिंदू धर्म के आस्था पर पूर्व से खिलवाड़ करते आ रहे हैं।



साथ-साथ हिंदू विद्यार्थियों के पहने रक्षासूत्र व कलावा, तिलक लगाने पर स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों द्वारा जुर्माना की धमकी भी दी जाती है। धर्म जागरण प्रमुख योगेश शर्मा ने बताया कि धर्म निरपेक्ष राष्ट्र में शिक्षण संस्थान में किसी भी धर्म का प्रचार पूर्णतः वर्जित है। इस तरह का कुकृत्य असंवैधानिक एवं समाज के समान दृष्टिकोण भावनाओं के लिए घातक है। भाजपा के पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष विजय प्रधान ने बताया कि दो वर्ष पूर्व मिशन स्कूल कुटेला में राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के बाद भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे पर भी स्कूल प्रबंधन द्वारा रोक लगाया जा चुका था, जिसे विजय प्रधान एवं उनके समर्थकों ने संज्ञान में लेकर विरोध प्रकट करने पर नारे को यथावत चालू रखा गया था। मिशन स्कूल कुटेला में इस तरह की ईसाई धर्म को प्राथमिकता की गतिविधियां बीच-बीच में अनेकों बार देखा जा चुका है। लेकिन, शिक्षा विभाग के लापरवाही के चलते कोई भी कार्रवाई या जांच अब तक नहीं किया गया है। उक्त घटना पर आक्रोशित हिंदू समाज एवं बजरंग दल ने शिक्षा विभाग एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी व थाना प्रभारी के समक्ष लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अविलंब इस तरह की गतिविधियों में अंकुश लगाकर हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की एवं उचित कार्रवाई नहीं की स्थिति में बजरंग एवं हिंदू संगठनों ने व्यापक धरना प्रदर्शन की बात कहीं है।

आवेदन माध्यम विरोध व्यक्त करने विहिप के प्रखंड कोषाध्यक्ष विकास महापात्र, बजरंग दल प्रखंड संयोजक प्रदीप साहू, सहसंयोजक नंदन सिंह, विवेक शर्मा, नरेंद्र मांझी व अन्य हिंदू संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित होकर अपना आक्रोश व्यक्त किए।

## तीनों देवियों की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बागबाहरा सेवा केंद्र द्वारा इस बार मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती एवं मां काली की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई। जिसे देखने और समझने के लिए हजारों की संख्या में भक्तों और श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। चारों ओर देवी शक्तियों कि आव्हान जागरण व्रत पूजा पाठ पवित्र सात्विक भोजन का माहौल है। वहीं ब्रम्हा कुमारी बहने नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य भक्तों और श्रद्धालुओं को बता रही है कि जिनको हम मां और शक्ति कह कर बुलाते हैं, उन्हें यह शक्ति कहां से प्राप्त हुई उनके हाथों में अस्त्र-शस्त्र दिखाते चरणों में असुर दिखाते हैं। चैतन्य देवियों के माध्यम से बताया जा रहा है कि दिव्यता आत्मा की शक्ति है और काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि विकार आसुरी वृत्ति का प्रतीक है। शस्त्र ज्ञान का प्रतीक है।



### चैतन्य देवियों की मनोरम झांकी का किया उद्घघाटन, भक्तों की लगी भारी भीड़

**सरायपाली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपहार भवन जैन विहार कॉलोनी द्वारा चैतन्य देवियों की मनोरम झांकी का उद्घघाटन किया गया। आरडी चौहान, वासुदेव प्रधान, शशि देवी अग्रवाल, ज्योति देवी अग्रवाल, लेखा नागवंशी ब्रह्माकुमारी अहिल्या दीदी और ब्रह्मा कुमारी सुनीता दीदी द्वारा दीप जलाकर विधि वक्त चैतन्य देवियों की झांकी का उद्घाटन किया गया। फिर झांकी देखने देवियों का दर्शन करने भक्तों की उमड़ी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था में राजयोग मेडिटेशन एवं सहज ज्ञान दिया जाता है, जिसे अपने जीवन में अपने वाली शहर की ही कुमारियां बहनों को देवी रूप में बैठाया गया है। यह कुमारियां राजयोग की साधना द्वारा परमपिता परमात्मा में अपने मन को एकाग्र राजयोग का अभ्यास कर रही है। स्वयं को चैतन्य स्वरूप परमपिता परमात्मा की संतान आत्म स्वरूप में स्थित होकर सर्वशक्तियों के स्रोत सभी आत्माओं के पारलौकिक पिता परमात्मा को उनके दिव्य स्वरुप को याद करते हुए अपने भीतर उनसे शक्ति और दिव्यता का भरपूर अनुभव करते हैं, जिसे अपने भीतर की कमजोरी वह मनोविकार परमात्मा शक्ति से समाप्त होती है, जिससे व्यक्ति को असीम शांति सुख प्रेम और खुशी का अनुभव होता है। इसी अभ्यास में यह बहनें एकाग्र होकर बैठी है। जिससे आपको देवी स्वरूप अनुभव हो रहा है। आप भी ऐसे राजयोग का अभ्यास से अपने जीवन में परमात्मा शक्ति का वरदानों का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं या झांकी 11 अक्टूबर तक चलेगी संध्या 6 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक इसमें अपने परिवारजनों सहित झांकी का लाभ लेने अवश्य पहुंचे है। राजयोग शिविर का आयोजन 13 अक्टूबर से सात दिवसीय चलेगा प्रातः 7 से 8 एवं रात्रि 7 से 8 बजे तक चलेगा।





### भागवत कथा में भगवान वामन अवतार की सुनी कथाः अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा आमंत्रण पर पंचायत घोईनाबाहरा में चल रहे भव्य भागवत कथा को श्रवण करने पहुंचे। अंकित ने बताया कि यह कथा भगवान विष्णु की लीला और राजा बलि की दानवीरता एवं भक्ति को दर्शाती है। इस अवसर पर अंकित के साथ तूफान दीवान, देवा साहू, वाजिद खान, नीलकंठ दीवान, परमानंद साहू, पवन साहू, भूपेंद्र साहू, भुनेश ठाकुर, वाजिद खान समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी महिलाएं मौजूद रहीं।

# राष्ट्रीय संगठन एवं सहकारिता की भावना का पुष्टि पर्व है नवरात्रि : डॉ. अनुसुइया

## राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के तत्वावधान में शक्ति की अवधारणा एवं उपासना : दर्शन, साहित्य एवं संस्कृति विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बतौर विशिष्ट अतिथि शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल रही। मुख्य वक्ता विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा एवं मुख्य अतिथि नागरी लिपि परिषद नई दिल्ली के महामंत्री डॉ हरिसिंह पाल रहे। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव से उत्सव धर्मिता प्रधान रही है। त्योहारों की अवधारणा भी उद्देश्य पूर्ण रही। नवरात्र को शक्ति अधिष्ठात्री देवी की आराधना एवं शक्ति पूजा का पर्व कहा जाता है। डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष एवं कुलानुशासक विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने कहा कि भारतीय चिंतन से व्यवहार तक शक्ति तत्व की महिमा है। शक्ति की सत्ता को वेदों और पुराख्यानों में विशेष महत्व मिला है। डॉ हरिसिंह पाल ने कहा कि हमारे पर्व हमें व्यापक मानवता से जोड़ते हैं। नवरात्रि पर्व मनसा, वाचा, कर्मणा शुद्ध होने का पर्व है। डॉ. दक्षा जोशी गुजरात ने कहा कि मोहनजोदड़ो में 4000 ईसा पूर्व के मिले अवशेष में शक्ति की मूर्तियां पाई गईं, जिससे सिद्ध होता है कि, शक्ति उपासना अति प्राचीन है। डॉ. सुवर्णा जाधव पुणे महाराष्ट्र ने कहा कि गरबा नृत्य में गोल घूमना जीवन से मृत्यु के चक्र को दर्शाता है। डॉ. अर्चना कुमारी ने कहा कि अखिल ब्रह्मांड के चराचर जितने भी प्राणी हैं, उनका सृजन, पालन हेतु मां ने अनेक समय में अनेक रूप में अवतार लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि चौबे गाजियाबाद ने किया। प्रस्तावना डॉ. प्रभु चौधरी कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना और आभार प्रदर्शन डॉ. शहनाज शेख ने किया।



## स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के बारे में मिलेट्स के फायदे गिनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित मिलेट्स गोष्ठी कार्यक्रम में मिलेट आचार्य अशोक शर्मा ने खानपान से संबंधित जानकारी दी गई। स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के बारे में मिलेट्स अन्न, मोटे अनाज के फायदे गिनाए। अपने मोटिवेशनल स्पीच में आचार्य अशोक शर्मा ने आहार द्वारा शरीर को शुद्व व बीमारी रहित रखने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जैसा हम अन्न ग्रहण करेंगे हमारा शरीर उसी के अनुरूप वृद्धि व प्रतिक्रिया करेगा। आज के दूषित खानपान के कारण ही बीपी, शुगर, हार्ट व कैंसर की बीमारियों से जीवन दुश्वर हो गया है। इसका कारण यदि खानपान है तो समाधान भी खानपान ही है, जो कि मिलेट्स, अन्न, मोटे अनाज, देशी आहार व सुपर फ़ूड में छुपा है। कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग वरिष्ठ शिक्षक विक्रमादित्य सिंह ठाकुर एवं अध्यक्ष यशवंत जिंदल द्वारा अशोक शर्मा के स्वागत से प्रारंभ किया गया। इस सेवा कार्यक्रम संचालन के लिए सरस्वती शिशु मंदिर समिति द्वारा निःशुल्क प्रांगण उपलब्ध कराने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग बागबाहरा अध्यक्ष यशवंत जिंदल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। इस गोष्ठी में नगर से आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सरस्वती शिशु मंदिर समिति सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।



# महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमए समाजशास्त्र विभाग में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का समाजशास्त्र विभाग परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार बढ़ाई विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, शिवानी तावेरकर अतिथि सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना ओमेश्वरी एवं अंजलि विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया। साथ ही एमए तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा नवप्रवेशित एमए प्रथम सेमेंस्टर समाजशास्त्र के लिए स्वागत कार्यक्रम किया। मनोनीत पदाधिकारी एवं समस्त छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने कहा कि विभाग की गतिविधियां परिषद के माध्यम से संचालित होती है। परिषद के कार्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होते हैं। छात्र परिषद के गठन के महत्व को बतलाते हुए सभी में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए प्रोत्साहित किया। दिलीप कुमार बढ़ाई विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने अपने उद्बोधन में छात्रों को उनके कर्तव्यों का बोध कराया। इस अवसर पर विभाग में 1 अक्टूबर 2024 अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता जिसका विषय वर्तमान परिदृश्य में वृद्धजन की स्थिति एवं आधुनिक परिवर्तन था में प्रथम स्थान प्राप्त ममता मनहरे तृतीय सेमेंस्टर समाजशास्त्र एवं द्वितीय स्थान प्राप्त ओमेश्वरी प्रथम सेमेस्टर समाजशास्त्र को प्राचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया। समाजशास्त्र विभाग परिषद में दिशा चंद्राकर अध्यक्ष, ममता मनहरे सचिव, नेहा दीवान उपाध्यक्ष, अंजलि विश्वकर्मा सहसचिव, प्रभा यादव कोषाध्यक्ष, विष्णु कुमार सांस्कृतिक प्रभारी एवं खिलावन मीडिया प्रभारी मनोनीत किए गए। मंच का संचालन ममता मनहरे एवं आभार प्रदर्शन शिवानी तावेरकर अतिथि सहायक प्राध्यापक ने किया।

# गोंड़ समाज भालूचुवां सर्कल में महिला प्रभाग का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ सुवरमार राज के भालूचुवां सर्कल में सामाजिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत बूढ़ादेव की पूजन अर्चन कर की गई। बैठक की अध्यक्षता भालुचुवां सर्कल अध्यक्ष मोहरसिंह ठाकुर ने की।

बैठक में सर्कल के महिला प्रभाग के चयन के अलावा विभिन्न मुद्दे पर चर्चा की गई। जहां सर्वसम्मति से महिला प्रभाग के पदाधिकारियों की नियुक्त कर शपथ दिलाई गई। बाद उपाध्यक्ष राजू ठाकुर ने सभी मनोनीत पदाधिकारी का अक्षत तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही सर्कल भालूचुवा का सलाहकार करण सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया। महिला प्रभाग के अध्यक्ष पूर्णिमा ठाकुर, उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, कोषाध्यक्ष संतोषी ठाकुर, सचिव दीपिका ठाकुर, सहसचिव तेजन ठाकुर, महामंत्री सुशीला ठाकुर, सदस्यगण बुधयारिन ठाकुर, रामबती ठाकुर, भूमिका ठाकुर, राधिका ठाकुर, उर्मिला ठाकुर शामिल है। इस दौरान प्रमुख रूप से अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, संयोजक नारायण ठाकुर, राज उपाध्यक्ष राजू ठाकुर, मीडिया प्रभारी तुफान दीवान, राज्य पंच मोनिका ठाकुर, आसकरण ठाकुर, विश्वनाथ ठाकुर, पान सिंह ठाकुर, नोहर ठाकुर, प्रदीप कुमार ठाकुर, द्वारिका ठाकुर, प्यारेलाल ठाकुर, युधिष्ठिर ठाकुर, कन्हैयालाल ठाकुर आदि मौजूद रहे।



# 6 गांव में रासेयो स्वयंसेवक करेंगे एड्स के प्रति लोगों को जागरूक

## रासेयो ब्लॉक स्तरीय बैठक हुई, एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे 120 स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के पत्रानुसार छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एड्स या एचआईवी जागरूकता के लिए इंटेसिफाई आईईसी कैंपेन के तहत मॉडरेट प्राथमिकता वाले जिले में एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान स्वयंसेवकों द्वारा चलाया जाएगा। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला महासमुंद में महासमुंद ब्लॉक के महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारियों का ब्लॉक स्तरीय बैठक प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय डॉ. अनुसुइया अग्रवाल एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद के मार्गदर्शन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में आयोजित की गई।

बैठक में डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि एड्स जागरुकता को दूर करने के लिए युवा वर्ग सामने आएंगे, जिससे हमारे चयनित ग्राम के लोग एड्स के प्रति जागरूक होकर लाभान्वित होंगे। इस कार्य के लिए सभी को श्रेष्ठ कार्य करने की शुभकामनाएं दी। डॉ. मालती तिवारी ने बताया कि इस एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान हेतु महासमुंद जिले का चयन किया गया है। उक्त अभियान में महासमुंद ब्लॉक के 6 महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लगभग 120 स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित होंगे। इस कार्य के लिए 6 रासेयो इकाई के लिए एक एक गांव चिन्हांकित किए जाएंगे, जहां पर उस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक उस ग्रामवासियों, माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालयों में बच्चों को एड्स के प्रति नुक्कड़ नाटक, जन जागरूक रैली, नारा लेखन कर जागरूक करेंगे। चिन्हांकित ग्राम मचेवा, बरोंडाबाजार, साराडीह, बेमचा, खैरा, परसकोल में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इस ब्लॉक स्तरीय बैठक में कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, डॉ. सरस्वती वर्मा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, राजेश्वरी सोनी शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी बीएड कॉलेज, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, लीना चंद्राकर एवं हीना चंद्राकर शांत्री बाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय उपस्थित रहे।



